Ans. (b) : सालिम सिंह हवेली जैसलमेर के दीवान द्वारा निर्मित, ऊपरी मंजिल मोती महल का जहाज के नाम से प्रसिद्ध है। इस महल की शिल्प कौशल संरचना अद्भुत है। इस हवेली को मजबूत लोहे की छड़ से जुड़ने वाले पत्थरों से बनाया गया है, इस महल में 38 सुंदर नक्काशीदार बालकनी है।
नथमल हवेली जैसलमेर में स्थित है, यह राजपूत शैली और मुगल शैली का संलयन है। इस हवेली का निर्माण महारावल बेरीसाल के द्वारा दीवान मोहता नाथमल के निवास के तौर पर बनवाया गया था।

1117. 'गाल्व ऋषि' का आश्रम कहाँ स्थित है?
(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) सिरोही

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (b) : 'गाल्व ऋषि' का आश्रम जयपुर में स्थित गलता नामक स्थान पर है। यह स्थान गाल्व ऋषि की तपोभूमि रही है। गलता धाम प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में जाना जाता है।

1118. 'कीर्तिस्तम्भ स्थित हैः
(a) जोधपुर (b) चित्तौड़
(c) उदयपुर (d) अजमेर

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (b) : कीर्ति स्तम्भ चित्तौड़गढ़ में स्थित है। यह स्तम्भ जैन तीर्थंकर आदिनाथ को समर्पित है। चित्तौड़गढ़ में ही महाराणा कुम्भा ने गुजरात एवं मालवा विजय के उपलक्ष्य में विजय स्तम्भ का निर्माण करवाया।

1119. 'आकल काष्ठ जीवाश्म पार्क' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(a) बीकानेर (b) अजमेर
(c) जोधपुर (d) जैसलमेर

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021
महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) : राजस्थान के जैसलमेर में आकल वुड (काष्ठ) जीवाश्म पार्क अवस्थित है। इसमें 180 मिलियन से अधिक वर्षों के काष्ठ जीवाश्म है। इसे भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा वर्ष 1972 ई. में राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक स्मारक घोषित किया गया था।

1120. प्राचीन ऐतिहासिक स्थल ''आश्रम पट्टन'' की आधुनिक पहचान है-
(a) झालरापाटन (b) केशवरायपाटन
(c) विराट नगर (d) भीनमाल

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (b) : राजस्थान के प्राचीन ऐतिहासिक स्थल 'आश्रम पट्टन' की आधुनिक पहचान केशवराय पाटन के तौर पर होती है। यह स्थल राजस्थान के कोटा जिले में स्थित है। इस स्थान पर बूँदी नरेश राव छत्रसाल हाड़ा ने एक बड़े मन्दिर का निर्माण 1641ई. में कराया था। इस मंदिर में केशवराय (विष्णु) की चतुर्भुजी सफेद पाषाण की मूर्ति प्रतिष्ठित है।

1121. 'पोथीखाना' संग्रहालय स्थित है-
(a) जोधपुर में (b) कोटा में
(c) जैसलमेर में (d) जयपुर में

Agriculture Superviser 2021

Ans. (d) : 'पोथीखाना' संग्रहालय जयपुर में स्थित है। यह संग्रहालय जयपुर के सिटी पैलेस, तथा महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय का हिस्सा है। इसमें 7866 से अधिक हस्तलिखित पांडुलिपियाँ और 225 से अधिक पारंपरिक शैली के नक्शे हैं। पुराने धार्मिक ग्रंथों, दर्शन, नाटक, खगोल विज्ञान, ज्योतिष, कविता, चिकित्सा, व्याकरण, गणितीय तालिकाओं, गणना, इतिहास जीवनी जैसे विषयों पर हस्तलिखित प्रतियाँ है। यह हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ संस्कृत, राजस्थानी, हिन्दी, फारसी और उर्दू में लिपिबद्ध है।

1122. 1908 ई. में स्थापित ''राजपूताना म्यूजियम'' कहाँ है?
(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) अजमेर (d) चित्तौड़गढ़

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022
कनिष्ठ अभियंता (कृषि सहायक) सीधी भर्ती परीक्षा-(10-09/2022) - (03/02/2019)

Ans. (c) : लार्ड कर्जन के समय संग्रहालयों की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किये गये। संग्रहालयों को समुचित एवं व्यवस्थित रूप प्रदान करने के लिए 1902 ई. में सर जॉन मार्शल को आर्कियोंलॉजीकल सर्वे ऑफ इण्डिया का डायरेक्टर जनरल नियुक्त किया गया। संग्रहालयों की परिकल्पना को मूर्तरूप देने के लिए पहली बार भारतीय विद्वानों की सेवायें ली गयी और गौरी शंकर हीराचन्द ओझा आदि विद्वानों के सक्रिय सहयोग एवं उनके द्वारा किये गये सर्वेक्षण में एकत्र पुरासम्पदा के फलस्वरूप अजमेर के ऐतिहासिक दुर्ग अकबर के किला में राजपूताना म्यूजियम की स्थापना की गयी। अक्टूबर, 1908 में राजपूताना के गर्वनर जनरल के एजेन्ट सर इलियट ग्राहम कोल्विन द्वारा इसका विधिवत उद्घाटन किया गया।

1123. डुंडलोद किसके लिए प्रसिद्ध है?
(a) पुरातात्विक स्थल के लिए
(b) आध्यात्मिक एवं धार्मिक स्थल के लिए
(c) सूफी संत की दरगाह के लिए
(d) हवेलियों एवं परम्परागत सुन्दर इमारतों के लिए

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (d) : डूंडलोद (झुंझुनू) अपने हवेलियों एवं परम्परागत सुन्दर इमारतों के लिए प्रसिद्ध है, जिसे केसरी सिंह द्वारा बनवाया गया है। यह शेखावटी क्षेत्र में स्थित है।

1124. एल्बर्ट म्यूजियम की स्थापना जयपुर के किस शासक ने की थी?
(a) सवाई रामसिंह I (b) सवाई रामसिंह II
(c) सवाई जयसिंह I (d) सवाई जयसिंह II

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा -2019
कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022